## संपादकीय

# मानसून की दस्तक

हालांकि गर्मी से झुलसते उत्तर भारत को मानसून की फुहारों से भीगने में कुछ वक्त और लगेगा मगर यह खबर सुकून देने वाली है कि मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। भले ही उसके आने में देरी हुई है मगर फिर भी मानसून की बाट जोहती करोड़ों आंखों में उम्मीदें पुख्ता हुई हैं। लेट लतीफ मानसून इनसानी तरक्की के तमाम दावों के बावजूद आज भी भारत की जीवनरेखा बना हुआ है। गर्मी की तपिश से राहत दिलाने, पेड़-पौधों में नये जीवन का संचार करने के साथ ही खेती का एक बड़ा हिस्सा आज भी मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सरकारी व निजी मौसम एजेंसियों ने दावा किया था कि इस बार मानसूनी बारिश के प्रतिशत में कुछ कमी आ सकती है। हालांकि उत्तर भारत में सिंचाई के वैकल्पिक साधनों की उपलब्धता में यह कमी ज्यादा चिंता की बात नहीं है। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सिंचाई के नये संसाधन जुटा लिये गये हैं। कम बारिश में धान की रोपाई का काम कुछ देर से शुरू हो सकता है। मगर महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और उत्तरी कर्नाटक को लेकर चिंता व्यक्त की जा सकती है जो पहले ही सूखे की मार से जूझ रहे हैं। मध्य व पश्चिमी भारत में पानी की कमी में मानसून की कम बारिश नयी समस्याएं खड़ी कर सकती है, जिसके लिये अभी से कारगर योजनाएं बनाने की जरूरत है। अन्यथा पहले से ही तमाम तरह के संकटों से जूझ रहे किसानों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं।

यह भी एक हकीकत है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में तेरह फीसदी के योगदान के बावजूद खेती पर साठ फीसदी आबादी निर्भर है। वैसे देश में खाद्यान्न के भंडार पर्याप्त हैं मगर मानसून की कमी से देश में सब्जियों व अनाज की कीमतों में जो उछाल आता है, वह उस वर्ग को भी प्रभावित करता है जो खेती पर निर्भर नहीं है। बहरहाल, मानसून उन लोगों के लिये भी राहत की खबर है जो इस समय विकट गर्मी से जूझ रहे हैं। देश की दो-तिहाई आबादी गर्मी से त्रस्त है। एक वेदर वेबसाइट ने दुनिया के जिन पंद्रह सबसे गर्म शहरों की सूची जारी की है, उसमें दस शहर भारत के ही हैं। राजस्थान के चुरु में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचता है। ऐसे में मानसून के आगमन की खबर निश्चित ही सुकून का एहसास करा जाती है। दरअसल, गर्मी अपने साथ जलसंकट भी लाती है। पानी के परंपरागत जल स्रोत सूखने लगे हैं। लगातार नीचे जाता भूजल भी हमारी चिंता की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों के सिमटने और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव के चलते दिन-प्रतिदिन समस्या विकट होती जा रही है। ऐसे में हम मानसून का स्वागत करते वक्त वर्षा जल संग्रहण की गंभीर कोशिश करें। जल संकट से निपटने का सबसे कारगर विकल्प यही है कि हम जल संग्रहण की परंपरागत तकनीकों की ओर लौटें तथा पानी के मितव्ययी प्रयोग पर ध्यान दें। साथ ही देश की परंपरागत जल संस्कृति को पुनर्जीवित कर और समृद्ध बनाने की जरूरत भी है।

# दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक प्रदूषण मुक्त टैक्सी वोलोकॉप्टर का परीक्षण सफल

**बर्लिन (आरएनएस)।** पिछले दिनों ड्रोन टेक्नोलॉजी पर आधारित दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी का सफल परीक्षण किया गया। यह टैक्सी अगले साल आसमान में उड़ती नजर आएगी। बीते महीनों बर्लिन में एक ग्रीनटेक फेस्टिवल में यह टैक्सी आकर्षण का केंद्र बनी थी। इसे वोलोकॉप्टर नाम दिया गया है। इसकी यह खासियत है कि हर उड़ान से पहले रोबोट द्वारा इसकी बैटरी बदली जाएगी।

इसे बनाने वाली जर्मन कंपनी ने कहा कि कि यह पहली मैन्ड टैक्सी होगी जो सीधे (ऊर्ध्वाधर) टेकऑफ और लैंडिंग करने में सक्षम होगी। इसमें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। जिस फेस्टिवल में यह लाई गई थी वह फेस्टिवल पूर्व फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन निको रोसबर्ग ने शुरू किया था। इस इलेक्ट्रिक टैक्सी का लक्ष्य दुनिया में हर घंटे अगले 10 साल तक एक लाख यात्रियों को ले जाना है। यह पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी। इससे आवाज से प्रदूषण नहीं होगा। शुरू में यह 27 किमी तक दो लोगों को ले जाने में सक्षम होगी।

### पहले दुबई, सिंगापुर और जर्मनी जैसी जगहों पर होगी शुरू

रोसबर्ग के मुताबिक- अगले साल के अंत तक टैक्सी उड़ान भरने के लिए तैयार होगी। इसे पहले दुबई, सिंगापुर और जर्मनी जैसी जगहों पर शुरू किया जाएगा। इससे टैक्सी सर्विस में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। लोग हवाई सेवा का आसानी से उपयोग कर सकेंगे। यह बेहद सस्ती होगी। लोग टैक्सी पर आने वाले खर्च में इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

### इस साल से शुरू होगी उबर कॉप्टर



टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी उबर भी 9 जुलाई से 'उबर कॉप्टर सर्विस जरूर शुरू करने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- यह सर्विस सबसे पहले न्यूयॉर्क में शुरू की जाएगी। इसका फायदा सबसे पहले उबर रिवॉर्ड के उन मेंबर्स को मिलेगा, जिन्हें प्लेटिनम और डायमंड स्टेटस मिला है। कंपनी के मुताबिक प्रति व्यक्ति उड़ान का खर्च न्यूनतम 14 हजार से 16 हजार के बीच होगा।

## मदर डेयरी का कियोस्क लगाने के लिए डीटीसी से करार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी मदर डेयरी ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के डिपो परिसर में लोगों कियोस्क स्थापित करने के लिए डीटीसी के साथ करार किया है। कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत 31 कियोस्क स्थापित करने के लिए स्थान आवंटित किया गया है, जिसमें से 21 कियोस्क डीटीसी के बस डिपो, टर्मिनलों, कॉलोनियों आदि में स्थापित किए जा रहे हैं। शेष 10 कियोस्क चरणबद्ध तरीके से खोले जाएंगे।

## जूनियर महिला हॉकी टीम की जीत में रीत की हैट्रिक

**बार्नोविचि (आरएनएस)।** रीत की शानदार हैट्रिक से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेलारूस की जूनियर महिला टीम को सोमवार को 4-1 से हरा दिया। भारत की जीत में रीत ने हैट्रिक लगायी जबकि टीम का एक अन्य गोल शर्मीला देवी ने किया। भारत को मैच के शुरूआती मिनटों में ही पेनल्टी कॉर्नर मिल गया और रीत ने इसे भुनाने में कोई गलती नहीं की। बेलारूस ने भी दबाव बनाया और पहले क्वार्टर तक बराबरी हासिल कर ली। शर्मीला ने दूसरे क्वार्टर में भारत को बढ़त दिलाई। आधे समय तक भारत की यह बढ़त कायम रही। भारत को तीसरे क्वार्टर में लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले और दूसरे पर रीत ने गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। मैच की समाप्ति से कुछ पहले भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला और रीन ने भारत का चौथा गोल करने के साथ ही अपनी हैट्रिक पूरी कर ली।

# पेट्रोल, डीजल के भाव स्थिर, कच्चे तेल में नरमी जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के भाव बुधवार को लगातार दूसरे दिन स्थिर रहे। हालांकि, कच्चे तेल में आई नरमी से आगे फिर पेट्रोल और डीजल के दाम में राहत मिलने की संभावना बनी हुई है। अमेरिका में तेल का भंडार बढ़ने और वैश्विक मांग कमजोर रहने की आशंकाओं से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में लगातार तीन दिनों से गिरावट का सिलसिला जारी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार से नरमी के संकेत मिलने से घरेलू वायदा बाजार में बुधवार को कच्चे तेल के दाम में करीब दो फीसदी की गिरावट आई




मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर कच्चे तेल के चालू महीने के अनुबंध में सुबह 9.46 बजे पिछले सत्र से 72 रुपये यानी 1.94 फीसदी की गिरावट के साथ 3,648 रुपये प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। वहीं, इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज यानी आईसीई पर ब्रेंट क्रूड के अगस्त डिलीवरी अनुबंध में 1.46 फीसदी की गिरावट के साथ 61.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। वहीं, न्यूयार्क मर्केंटाइल एक्सचेंज यानी नायमैक्स पर अमेरिकी लाइट क्रूड डब्ल्यूटीआई के जुलाई अनुबंध में 1.56 फीसदी की कमजोरी के साथ 52.44 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था।

# सीबीडीटी ने चार 4 आयकर अधिकारियों का किया डिमोशन




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को चार अधिकारियों का पद घटा दिया। इन अधिकारियों के खिलाफ लंबित पड़े सतर्कता मामलों के आधार पर यह फैसला किया गया है। इससे पहले सोमवार को सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों में एक दर्जन से ज्यादा अधिकारियों को जबरिया सेवानिवृत्ति लेने का आदेश दिया था।

सीबीडीटी के आदेश के मुताबिक चारों अधिकारियों को आयकर विभाग के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी की जगह फिर से उपायुक्त स्तर पर भेज दिया गया है. आदेश में आशुतोष वर्मा, संजीव घई, जय सिंह और वाघमारे विपुल दिगंबर का नाम है। आयकर विभाग में संयुक्त आयुक्त का स्तर उपायुक्त पद का वरिष्ठ स्तर है।

यूपीएससी परीक्षा को पास करके आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) अधिकारी बनाने वाले पहले विभाग में सहायक आयुक्त (असिस्टेंट कमिश्नर) पर तैनात किया जाता है और उसकी पहली पदोन्नति उपायुक्त स्तर (कमिश्नर लेवल) पर होती है।

आदेश में कहा गया है कि चार अधिकारियों के खिलाफ लंबित पड़े अनुशासनात्मक / सतर्कता मामलों को देखते हुए सक्षम प्राधिकार ने अधिकारियों की तदर्थ अथवा अस्थायी नियुक्ति की अवधि नहीं बढ़ाने का फैसला किया है, जिसके परिणामस्वरूप वे तत्काल प्रभाव से अपने मूल पद आयकर विभाग के उपायुक्त पद पर वापस आ जाएंगे।



## चिली के हवाई अड्डे पर लगेगा सौर ऊर्जा संयंत्र

**सेंटियागो (आरएनएस)।** दक्षिण अमेरिका में एंडिज पर्वत और प्रशांत महासागर के बीच स्थित देश चिली की राजधानी सेंटियागो के कोमोडोरो अर्टुरो मेरिनो बेनिटेज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जायेगा जो इस वर्ष दिसंबर से काम करना शुरू कर देगा।

सार्वजनिक मामलों के उप मंत्री लुकास पालसिकोस ने यह जानकारी दी है। श्री पालसिकोस ने बताया कि स्वच्छ ऊर्जा के लिए तीन हजार फोटोवोल्टिक पैनल लगाये जायेंगे जिससे हवाई अड्डे की बिजली की सभी जरुरतें पूरी हो सकेंगी। उप मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे पर लगाये जाने वाले सौर ऊर्जा संयंत्र से प्रति घंटा करीब 1256 मेगावाट बिजली उत्पन्न हो सकेगी। सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से हवाई अड्डे के प्रति वर्ष होने वाले कॉर्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन पांच सौ टन से अधिक कम हो जाएगा। चिली में इस वर्ष जलवायु परिवर्तन पर दो दिसंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले 25वें अंतरराष्ट्रीय समेल्लन की तैयारियों के मद्देनजर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का काम शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

## जेएसडब्ल्यू स्टील का मई माह का कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़ा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन मई 2019 में चार प्रतिशत बढ़कर 14.53 लाख टन रहा। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली कंपनी ने मई 2018 में 13.99 लाख टन का कच्चे इस्पात का उत्पादन किया था। पिछले महीने कंपनी का इस्पात चादर (फ्लैट रोल्ड) का उत्पादन छह प्रतिशत बढ़कर 9.56 लाख टन से 10.17 लाख टन पर पहुंच गया। इसी तरह सरिया (लॉन्ग रोल्ड) का उत्पादन नौ प्रतिशत बढ़कर 3.29 लाख टन से 3.58 लाख टन हो गया।

## पिछले 14 महीनों में चुकाया 35,000 करोड़ का कर्ज:अनिल अंबानी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के प्रमुख अनिल अंबानी ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह सभी ऋण देनदारियों को समय से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले 14 महीनों में उनके समूह ने 35,000 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया है। अंबानी ने एक प्रेसवार्ता में संवाददाताओं से कहा कि चुनौतीपूर्ण हालातों और वित्तपोषकों से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलने के बावजूद उनके समूह ने एक अप्रैल, 2018 से लेकर 31 मई, 2019 के बीच अपने ऊपर बकाया ऋण में 24,800 करोड़ रुपये मूलधन और 10,600 करोड़ रुपये ब्याज का भुगतान किया है। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ हफ्तों के दौरान गैरवाजिब अफवाहों, अटकलों और रिलायंस समूह की सभी कंपनियों के शेयर में गिरावट के चलते हमारे सभी हितधारकों को काफी नुकसान हुआ है।'' यह 35,000 करोड़ रुपये के ऋण का भुगतान रिलायंस कैपिटल, रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और इनसे संबद्ध कंपनियों से जुड़ा है।

## आज का राशिफल

*मेषः-* काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद व झगड़े आज खत्म होंगे। अच्छे लोग आपको प्रेरणा देंगे, जिससे आपको खुशी का अहसास होगा।

*वृषभः-* आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे, उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दोपहर बाद सभी काम बनते नजर आएंगे।

*मिथुनः-* फाइनेंस से जुड़े फैसले आज ले लें। घर में किसी शुभ कार्य की बातचीत हो सकती है। पुराना प्यार लौट सकता है।

*कर्कः-* आप में से कुछ लोगों का दिल आध्यात्म और साधना में लगेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का प्लान बन सकता है। किसी बौद्धिक काम में आपको कामयाबी मिलेगी।

*सिंहः-* जीवनसाथी का पूरा सपॉर्ट आपके साथ है इसलिए अगर ऑफिस में ज्यादा मेहनत करनी पड़े तो घरवालों की ओर से परेशान होने की जरूरत नहीं।

*कन्याः-* क्रिएटिव कामों में रूचि बढ़ेगी। अपनी हॉबी के जरिए पैसा कमाने के चांस हैं। पैसे की समस्या आएगी लेकिन शाम तक टल भी जाएगी।

*तुलाः-* घर में सभी लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। दिल और दिमाग के संतुलन से सफलता मिलेगी। अकाउंट्स की फाइलों को तैयार रखें। कभी भी जरूरत पड़ सकती है।

*वृश्चिकः-* अपने विचारों को अमल में लाने का मौका मिलेगा। किसी खास शख्स के कारण शाम के समय थोड़ी जेब ढीली हो सकती है लेकिन हर बार पैसे का फायदा नुकसान देखने की बजाए रिश्तों की मजबूरी को देखना ज्यादा फायदेमंद होता है।


*धनुः-* आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

*मकरः-* आर्थिक मसलों में सोच समझकर किए गए निवेश फायदा दे सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा सोच समझकर ही कोई भी फैसला लेना चाहिए।

*कुंभः-* सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा। आसपास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा।

*मीनः-* किसी अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सायंकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा।

## 'चना दाल का हलवा' बनाने की विधि



### सामग्री

आधा कप चना दाल, आधा कप दूध, एक चौथाई चम्मच इलायची, एक चौथाई चम्मच घी, आधा कप सुगर, आधा कप घी, 6 बादाम

### विधि

सबसे पहले चने की दाल को धोकर पूरी रात दाल भीगोंकर रख दें। इसके बाद दाल से पानी पूरी तरह से छानकर दाल अलग रख लें। साथ में बादाम को भी महीन-महीन काटकर अलग रख लें।

-पानी से निकाली हुई दाल को मिक्सर में डालकर ग्राइंड कर लें। इस मिक्सचर को बाउल में अलग रख लें।

-अब पैन को गर्म करके उसमें घी डाल दें। पूरी तरह से जब घी मेल्ट हो जाए तो उसमें चना दाल के मिक्सचर को डालें और अच्छे से मिलाकर अच्छे से सुनहरा होने तक भून लें। -गैस की आंच मीडियम रखें और उसपर एक पैन में दूध रख दें। एक बार उबाल आ जाए तो इसमें दाल का मिक्सचर डाल दें। इसे अच्छे से चलाएं।

-आंच को धीमा ही रखें और दाल के पेस्ट को तब तक चलाएं जब तक पूरा दूध सोख ना ले।

-इसके बाद चीनी और इलायची पाउडर डालकर पेस्ट को अच्छे से चलाएं। जब मिक्सचर थोड़ा पतला लगने लगे और पैन को छोड़ने लगे तो समझ लें कि हलवा तैयार हो गया है।

-हलवा तैयार है, इसमें कटे हुए बादाम के टुकड़े डाल दें। गर्मागर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 93

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 92 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| बा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | ब | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भ सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.92 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |